एक नजर

फांसी फंदे पर झूली गृह रक्षक की पत्नी, कोहराम

बाराबंकी। मसौली थाना क्षेत्र के शहाबपुर गांव में शुक्रवार को होमगार्ड की 46 वर्षीय पत्नी राजकुमारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्कूल से लौटे दोनों बेटों ने मां का शव फंदे से लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। घटना के समय पति रामशरण मसौली थाने में ड्यूटी पर थे और दोनों बेटे स्कूल गए थे। घर लौटने पर दरवाजा अंदर से बंद मिला। ग्रामीणों की मदद से खिड़की से झांककर देखा तो राजकुमारी का शव फंदे से लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

108 बच्चों ने दी बीएसजी परीक्षा

महमूदाबाद (सीतापुर)।भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बीएसजी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन सीता ग्रुप ऑफएजूकेशन के शास्त्री सभागार में किया गया। परीक्षा में कुल 108 स्काउट, गाइड व कब-बुलबुल ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीएसजी छात्रवृत्ति प्रतियोगी परीक्षा में प्रतिभाग कर रहे 108 स्काउट, गाइड व कब-बुलबुल को सम्बोधित करते हुये जिला मुख्य आयुक्त सीतापुर रमेश वाजपेयी विरल ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सामान्य ज्ञान, स्काउटिंग कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाना है। परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को आगे छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा में प्रदेश मुख्यालय से एएसओसी गरिमा पाल, जिला मुख्य आयुक्त बाराबंकी डॉ. रामकुमार गिरि की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और स्काउटिंग के माध्यम से अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित करने पर जोर दिया। स्काउट गाइड के जिला आयुक्त रूपेश अवस्थी, दीप्ति मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त संजय कुमार, प्रसून लता, स्काउट मास्टर दीपक राठौर और कब मास्टर पुष्पराज सिंह, यूनिट लीडर आशुतोष शुक्ल, जितेंद्र वर्मा, धनंजय वाजपेयी व विपिन बिहारी ने परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करायी।

सार्वभौम दार्शनिक आश्रम में वृहद स्तरीय भंडारा

अयोध्या धाम। जानकी घाट स्थित नवनिर्मित सुभव्य सार्वभौम दार्शनिक आश्रम में विधि विधान से विराजे मनोकामना सिद्ध बबुआ हनुमान जी की अलौकिक छवि संतों, महंतों, भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही है. इस पुनीत अवसर पर सार्वभौम दार्शनिक आश्रम के गौ, संत, परमार्थ सेवी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी जनार्दन दास महाराज की अध्यक्षता एवं उनके शिष्य उत्तराधिकारी महंत गंगा दास महाराज के व्यवस्थापकत्व में संत, महंतों, धर्माचार्यों, अतिथियों, भक्तों का वृहद स्तरीय भंडारा संपादित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में संत, महंतों धर्माचार्यों अतिथियों भक्तों ने अमृतमई भोजन प्रसाद ग्रहण किया. सभी समागत संत महंतों धर्माचार्यों अतिथियों को महामंडलेश्वर स्वामी जनार्दन दास महाराज एवं उनके शिष्य उत्तराधिकारी सद्गुरुनिष्ठ शिष्य श्री गंगा दास महाराज द्वारा दक्षिणा भेंट विदाई प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस पुनीत अवसर पर श्री मणि राम दास महाराज की छावनी के यशस्वी उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज, राम बल्भा कुंज के यशस्वी पीठाधीश्वर स्वामी राम शंकर दास महाराज, अधिकारी एवं राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र धर्म समिति के सदस्य स्वामी राजकुमार दास महाराज, पत्थर मंदिर के यशस्वी पीठाधीश्वर स्वामी मनीष दास महाराज, तपस्वी छावनी के यशस्वी पीठाधीश्वर स्वामी परम हंसाचार्य महाराज, सिया राम किला झुनकी घाट के यशस्वी पीठाधीश्वर स्वामी करुणा निदान शरण महाराज, हनुमत निवास के यशस्वी पीठाधीश्वर स्वामी मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज, आचार्य पीठ लक्ष्मण किला के यशस्वी अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण महाराज, महंत बगीश शरण महाराज, हनुमान गढ़ी के महंत नीरज दास , संत मिथिला बिहारी दास महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में संत महंत भक्त शामिल शामिल हैं. दिव्य, भव्य, मनोहारी सरभौम दार्शनिक आश्रम में विराजे श्री मनोकामना सिद्ध बबुआ हनुमान जी महाराज की अलौकिक छवि का दर्शन कर संत महंत भक्त कृतार्थ हो रहे हैं।

हनुमान किला में धूमधाम से मना छठ उत्सव, विशाल भंडारे में संतों ने पाया प्रसाद

अयोध्या धाम। रामघाट स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान किला में परंपरा के अनुसार श्री हनुमान जयंती के उपरांत हनुमान जी महाराज का छठ उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पुनीत अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या के प्रमुख संत-महंतों, धर्माचार्यों, विशिष्ट अतिथियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर अमृतमयी भोजन प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के समापन पर हनुमान किला के पीठाधीश्वर महंत रामकिशोर दास महाराज ने सभी आगंतुक संत-महंतों, धर्माचार्यों और अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र, दक्षिणा व भेंट प्रदान कर ससम्मान विदाई दी। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय जयकारों से गूंजता रहा। **इन प्रमुख संत-महंतों व अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**इस धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे में मणिराम दास जी की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज, सियाराम किला झुनकी घाट के पीठाधीश्वर स्वामी करुणानिधान शरण महाराज, रामकुंज के पीठाधीश्वर महंत डॉ. रामानंद दास महाराज, रामहर्षण कुंज के पीठाधीश्वर स्वामी अयोध्या दास महाराज, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी कमला दास रामायणी महाराज, हनुमत निवास के पीठाधीश्वर स्वामी मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज, रामवल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास महाराज, तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर स्वामी परमहंस महाराज और हनुमानगढ़ी के सरपंच महंत रामकुमार दास महाराज प्रमुख रूप से शामिल हुए।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने का किया गया प्रयास

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता शशिबाला से दहेज में मोटरसाईकिल और सोने की चैन की मांग पूरी न होने पर बेरहमी से मारपीट कर गाली गलौज करते हुये किचन में बन्द कर गैस सिलेण्डर से गैस निकालकर जलाकर मार डालने का प्रयास करने तथा धक्के मार कर घर से भगा देना पति सौरभ त्यागी वह उसके परिवार को महंगा पड़ा कोर्ट के आदेश पर सभी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बीकापुर कोतवाली के पदारथपुर गांव का वर्ष 2005 का है अधिवक्ता एखलाक अहमद ने बताया कि शशिबाला की शादी सौरभ त्यागी निवासी घुरेहटा थाना इनायतनगर अयोध्या के साथ 2 मार्च 2025 हुई थी। 3 मार्च 2025 को विवाहिता अपने मां बाप व अपने रिश्तेदारों से मिले तमाम दान दहेज जेवर, फर्नीचर, कपड़ा, बर्तन के साथ विदा होकर अपनी ससुराल गयी। ससुराल वाले मिले दान दहेज से खुश नहीं थे। परिवार के सभी लोग दहेज में मोटरसाईकिल व सोने की चैन की मांग को लेकर उसे तरह-तरह से ताना उलहना देने लगे। 26 जनवरी 2026 को विवाहिता को एक पुत्र शशांक का जन्म हुआ।ससुराल वाले उसे तरह तरह से प्रताड़ित करते रहे। 24 जून 2026 को सुबह करीब 5 बजे विवाहिता को किचन में बन्द कर गैस सिलेण्डर से गैस निकालकर जलाकर मार डालने का प्रयास किया गया। उसके सारे जेवर आदि छीन कर धक्के मारके घर से भगा दिया। बच्चे को पटकने से उसके पैर की नसे खिंच गयी और बच्चे को पेशाब होने में दिक्कत होने लगी। ससुराल वालों के इस जघन्य कृत्य से उसके बच्चे की जान जा सकती थी। विवाहिता ने पिता को सूचना दिया जब आये तो राजेश पर भी मारने के लिए टूट पड़े और लातघूंसों व थप्पड़ से मारा और धमकी दिया भाग जाओ नहीं तो मार डालेंगे। बच्चे को जब डा.को दिखाया गया तो उसने आपरेशन करने की बात कहीं।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 17 नवंबर से चलेगा अभियान

अयोध्या। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर को होगा। दावे और आपत्तियां 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक ली जाएंगी। विशेष अभियान 21, 22, 28 और 29 नवंबर को चलेगा। इन दिनों बीएलओ सुबह 10 से शाम चार बजे तक बूथों पर मौजूद रहेंगे। नए नाम के लिए फार्म-6, नाम हटाने के लिए फार्म-7 और संशोधन के लिए फार्म-8 भरा जाएगा। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं, महिलाओं और छूटे पात्र नागरिकों का पंजीकरण कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को होगा।

ट्रेन की चपेट में आने से मां और तीन मासूम बेटियों की मौत, बाजार गई 12 वर्षीय बेटी बची



बाराबंकी। शुक्रवार शाम करीब सात बजे ट्रेन की चपेट में आने से मां और उसकी तीन मासूम बेटियों की दर्दनाक मौत हुई। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से इलाके में मातम छा गया। हादसे में परिवार की 12 वर्षीय बेटी रिया बाल-बाल बच गई। वह घटना के समय पिता के साथ बाजार गई थी।मृतकों की पहचान गांधी नगर, कोतवाली नगर निवासी किरण देवी पाल (39) पत्नी राम तेजपाल, जुड़वा बेटियों कनिष्का और अनुष्का (7) तथा छोटी बेटी काव्या (5) के रूप में हुई है। राम तेजपाल वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। महिला अपनी तीनों बेटियों के साथ रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंची और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अन्तर्गत ग्राम बेनी माधवपुर में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश धारण लिए महिलाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। कलश यात्रा में गांव की परिक्रमा कर यह कलश यात्रा मुसैदाबाद होते हुए रमनगरा स्थिति सुधरी नदी पर गई। जहां आचार्य दुकवारा वैदिक मन्त्रों से वरूण देव तथा जल मातृकाएं का विधिवत पूजा अर्चना करवाया गया। इस कलश यात्रा ने पूरे गांव में भ्रमण किया। भक्तों के जयकारे से माहौल भक्तिमय हो गया। पीले वस्त्रों और चुनरी धारण किए हुए महिलाओं ने कलश को सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए भक्ति मय वातावरण में भक्ति संगीत के साथ नृत्य करते कथास्थल तक लाईं। इस कलश यात्रा को देखने के लिए सड़कों और अपने घरों की छत से लोगों ने देखकर कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रभु से कामना की। इस कथा के मुख्य यजमान जितेन्द्र यादव सपत्नीक रहे। इस दौरान तेजभान यादव, जितेंद्र वर्मा, पंकज यादव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

राजस्थान में मारपीट से घायल युवक की मौत



हरगांव (सीतापुर)। राजस्थान में मजदूरी करने गए हरगांव क्षेत्र के एक युवक की मारपीट में घायल होने के बाद जिला अस्पताल सीतापुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों के मुताबिक, युवक के साथ राजस्थान में अज्ञात लोगों ने मारपीट की थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौनेर के मजरा अकबरपुर निवासी 35 वर्षीय अनूप पुत्र राम सहाय राजस्थान के भिवाड़ी जिले के खुशखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित एपीईके इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में मजदूरी करता था। बताया जाता है कि सात तारीख की रात अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अगले दिन ठेकेदार ने उसका प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद गांव के ही साथी जगदीश के साथ अनूप सीतापुर के लिए रवाना हुआ। नौ नवंबर की रात सीतापुर पहुंचते-पहुंचते अनूप की हालत काफी बिगड़ गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की। परिजनों ने बारह नवंबर को युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मारपीट की घटना के सम्बन्ध में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की जाएगी। फिलहाल इस मामले में थाना हरगांव पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। राजस्थान में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जिसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों, शाखा प्रबन्धकों एवं वेंडरों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों, शाखा प्रबन्धकों एवं व्यापारियों को सहभागिता निभाते हुए लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होने परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि योजना की प्रगति के लिए वेंडरों के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।सभी बैंकों के शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक ऋण आवेदन स्वीकृत कराकर लक्ष्य की पूर्ति की जाए। बिना किसी ठोस कारण कोई भी आवेदन निरस्त न किया जाए। उन्होने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट मीटर के कारण जो भी बिल सम्बन्धी शिकायतें है, उनका प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी वेंडरों को निर्देश दिया कि ऋण स्वीकृति के उपरान्त इंस्टालेशन का कार्य समय से पूर्ण किया जाए। जिससे अधिक से अधिक जनपद वासियों को इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होने यह भी कहा कि सभी जनपदवासी यूपीनेडा में पंजीकृत वेंडर के माध्यम से ही रूफटाप सोलर प्लांट लगवाएं और वेंडर का चयन ध्यानपूर्वक करें।

सभी सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सोलर प्लांट लगवाने में यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है।

एक रुपये में इलाज, डॉक्टर के व्यवहार ने जीता दिल, रोज़ 150 तक मरीज़



निंदूरा बाराबंकी। डॉक्टर का व्यवहार ही सबसे बड़ी दवा है, यह कहावत अनवारी के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में सच साबित हो रही है। यहां तैनात डॉ. मुस्ताक अहमद की सरलता, मृदुभाषा और मरीज़ों के प्रति संवेदनशीलता ने अस्पताल को क्षेत्र में अलग पहचान दिला दी है।कस्बे से बाहर, खराब रास्ते के बावजूद यहां रोज़ाना *125 से 150 मरीज़* इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज़ से भी लोग यहां आ रहे हैं।मरीज़ों का कहना है कि डॉ. अहमद धैर्य से पूरी बात सुनते हैं, सहज भाषा में समझाते हैं और सही परामर्श देते हैं। इसी आत्मीय व्यवहार ने लोगों का भरोसा जीत लिया है।**महज एक रुपये में इलाज**चिकित्सालय की सबसे बड़ी खासियत है कम खर्च में इलाज। मात्र *एक रुपये के पंजीकरण* पर मरीज़ों को चिकित्सकीय सलाह और उपलब्ध दवाएं मिल जाती हैं।

महंगाई के दौर में यह सुविधा गरीब और आम लोगों के लिए बड़ी राहत बन गई है।**गेट पर कूड़ा, मरीज़ परेशान**दूसरी ओर अस्पताल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच एक गंभीर समस्या भी सामने आ रही है। मुख्य गेट के ठीक सामने रात के अंधेरे में अज्ञात लोग भारी मात्रा में कूड़ा डाल जाते हैं। सुबह होते ही गेट पर कूड़े का ढेर, गंदगी और दुर्गंध से मरीज़ों और कर्मचारियों को परेशानी झेलनी पड़ती है।कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि गेट के सामने कूड़ा डालने पर तत्काल रोक लगे और दोषियों की पहचान कर कार्रवाई हो।इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव *राजेंद्र कुमार विकल* ने बताया कि मामले की जानकारी ली जाएगी। कूड़ा डालने वाले की पहचान कर उसे रोका जाएगा।

टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरगांव (सीतापुर)। लहरपुर-भदफर मार्ग पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुलताजपुर निवासी विनोद कुमार 52, हरेराम 32 और छोटकन 40 गुरुवार को ग्राम मिदनिया स्थित अपनी रिश्तेदारी में गए थे। रात करीब 12 बजे तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे।

इसी दौरान ग्राम किशुनपुर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद टाटा मैजिक और बाइक दोनों सड़क किनारे खाई में पलट गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

स्नातक चुनाव में हार ने हिला दिए बाराबंकी के सियासी समीकरण

बाराबंकी। स्नातक विधान परिषद चुनाव में भाजपा की हार ने बाराबंकी जिले की राजनीति को झकझोर दिया है। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी कीर्ति सिंह को मिले बड़े समर्थन और अप्रत्याशित जीत ने भाजपा संगठन को तिलमिला दिया है। गांव-गांव तक फैला भाजपा संगठन इस चुनाव में मूक दर्शक बना रहा, और नतीजा सबके सामने है।इस हार का असर सीधे आगामी विधानसभा चुनाव पर पड़ता दिख रहा है। जिले में जिन तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है, वहां भी अब समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। वहीं जिन सीटों पर सपा का कब्जा है, वहां भाजपा के दावेदारों की लंबी कतार लगी है, लेकिन स्नातक चुनाव में उनकी निष्क्रियता को लेकर अब लखनऊ से लेकर दिल्ली तक मंथन हो रहा है।**दूध के कुएं वाली कहानी चरितार्थ**मतदाताओं के बीच इन दिनों एक राजा की कहानी खूब चर्चा में है। राजा ने परीक्षा लेने के लिए ऐलान किया कि सब लोग कुएं को दूध से भर दें। हर किसी ने सोचा - सब तो दूध डालेंगे ही, हम पानी डाल देते हैं। नतीजा, कुआं पानी से भर गया।लोगों का कहना है कि विधान परिषद चुनाव भी कुछ इसी तर्ज पर लड़ा गया। हर नेता-दावेदार ने सोचा, दूसरा कर लेगा। और एक शरीफ, साफ-सुथरी छवि वाले राजनीतिज्ञ इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह चुनाव हार गए। उनकी हार से मतदाता भी रंज में हैं। नागरिकों का साफ कहना है कि भाजपा पदाधिकारियों और नेताओं ने इस चुनाव को गंभीरता से नहीं लड़ा।**जिला अध्यक्ष भी नहीं दिला पाए जीत**चर्चा इस बात की भी है कि भाजपा के जिला अध्यक्ष कुर्मी बिरादरी से हैं और एमएलसी रहे इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह भी उसी बिरादरी से आते हैं। फिर भी संगठन प्रत्याशी के लिए कुछ नहीं कर पाया। यह सवाल अब जिले की सियासत में सबसे बड़ा मुद्दा बन गया है।

सेटिंग एमएलए पर भी संकट के बादलसूत्रों की मानें तो इस हार के बाद कुछ सेटिंग विधायकों के क्षेत्र छोड़ने या टिकट कटने की कयासबाजी



भी तेज हो गई है। दावेदारों की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं कि चुनाव के समय वे क्या कर रहे थे?**रामनगर में डेढ़ दर्जन दावेदार, पर जमीन पर सन्नाटा**रामनगर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यूं तो करीब डेढ़ दर्जन लोग रामनगर सीट से दावेदारी पेश कर रहे हैं, लेकिन स्नातक चुनाव में उन्हें कुछ कर गुजरते नहीं देखा गया। चुनाव के बाद तो जैसे दावेदारों को सांप सूंघ गया है।हालांकि अब तीन चेहरे सक्रिय दिख रहे हैं। एक पूर्व विधायक और एक बड़े दावेदार, जो एक ही वर्ग से आते हैं, क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रहे हैं। एक अन्य पुराने बजरंगी गौरी गांव में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं, जो दिवाली में तराई के लोगों के घर पहुंचकर मिष्ठान वितरित करते देखे गए। मीडिया से मेल-मिलाप के लिहाज से भी इन्हीं तीनों की सक्रियता की पुष्टि हो रही है।**निष्कर्ष**- स्नातक चुनाव की हार भाजपा के लिए सिर्फ एक सीट की हार नहीं, बल्कि संगठन की निष्क्रियता का आईना है। विधानसभा चुनाव से पहले यह हार जिले के सियासी समीकरणों को पूरी तरह बदल सकती है।

एक नजर

छठ पूजा की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा घाटों की सफाई तेज

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। छठ पूजा को लेकर प्रशासन ने घाटों की तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसडीएम अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार वीर बहादुर सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।तहसील क्षेत्र के तेलवारी गांव में सरयू नदी के किनारे छठ घाट को तैयार किया जा रहा है। जेसीबी से घाट का समतलीकरण कराया जा रहा है। नदी किनारे जमा मिट्टी, गंदगी और झाड़ियों को हटाकर सफाई की जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं के बैठने, आवागमन और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।शुक्रवार को पंचायत सचिव राजेश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाकर घाट की मरम्मत और पूजा स्थल को व्यवस्थित किया। ग्रामीणों ने भी श्रमदान कर सहयोग किया। एसडीएम ने सभी घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने छठ पर्व से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का भरोसा दिलाया।

रामनगर पीजी कॉलेज में आज लगेगा रोजगार मेला

रामनगर, बाराबंकी। क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार 14 नवंबर को रामनगर पीजी कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आयोजित मेले में 18 से 40 वर्ष तक के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक और परास्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। इच्छुक युवाओं को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। मेले में प्रतिभाग पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 पर संपर्क किया जा सकता है।

पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर एक परिवार की महिलाओं से की मारपीट

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र के सेलूमऊ गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों पर एक परिवार के घर में घुसकर मारपीट और महिलाओं से अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि हमलावरों ने घर में जमकर उत्पात मचाया। मां को पीटा, बचाव में आए भाई का गला दबाने का प्रयास किया और दो महिलाओं को हाथ पकड़कर घर से घसीटते हुए लात-घूंसों व लाठी-डंडों से हमला किया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उनकी मां मीरा देवी के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान साइकिल उठाकर उनके ऊपर पटक दी गई। शोर सुनकर भाई सर्वेश बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने उसका गला दबाने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपित घर में घुस आए और रमा देवी व उनकी बहन सरला देवी को हाथ पकड़कर घसीटते हुए बाहर लाए। आरोप है कि दोनों महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। हमलावर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पीड़िता का कहना है कि इससे पहले भी विपक्षियों द्वारा मारपीट की घटनाएं की जा चुकी हैं। लगातार हो रही कथित घटनाओं से परिवार भयभीत है।

अदालती सूचना

सुबराती आदि बनाम फरजन्द अली तारीख पेशी-18.12.2026 एच.सी.जे. फार्म नं. 32 पार्ट 7 हेतु संदर्शित करने की सूचना न्यायालय श्रीमान सिविल जज प्रवर खण्ड महोदय श्रावस्ती

सा0 वाद सं0 629/2024

सुबराती आदि वादी बनाम फरजन्द अली प्रतिवादी। फरजन्द अली पुत्र मुन्शी निवासी मौजा गुलरा परगना व तहसील भिनगा जनपद श्रावस्ती चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2026 के माह 12 के 18 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा सहित आज 2026 के माह 11 के दिवस 12 को निकाली गई।

सूचना

सूच्य हो कि मेरा आधार कार्ड नम्बर 347498371632 पर मेरा नाम रामदेवी अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम फूल कुंवरि पत्नी राजकिशोर दर्ज है। जोकि सत्य व सही है। अत: मेरे आधार कार्ड पर मेरा सही नाम फूल कुंवरि पत्नी राजकिशोर दर्ज किया जाये।

फूल कुंवरि पत्नी राजकिशोर निवासी- बीहट बीरम, परगना- मछरेहटा, तहसील- मिश्रिख, सीतापुर

सूचना

सूच्य हो कि मेरा आधार कार्ड नम्बर 565973341043 पर मेरा नाम मुन्नी देवी अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम उर्मिला सिंह पत्नी संकटा बक्श सिंह दर्ज है। जोकि सत्य व सही है। अत: मेरे आधार कार्ड पर मेरा सही नाम उर्मिला सिंह पत्नी संकटा बक्श सिंह दर्ज किया जाये।

उर्मिला सिंह पत्नी संकटा बक्श सिंहनिवासी- बीहट बीरम, परगना- मछरेहटा तहसील- मिश्रिख, सीतापुर

सूचना

सूच्य हो कि मेरा आधार कार्ड नम्बर 650912170057 पर मेरा नाम कल्लू सिंह अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर मेरा नाम राजकिशोर सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह दर्ज है। जोकि सत्य व सही है। अत: मेरे आधार कार्ड पर मेरा सही नाम राजकिशोर सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह दर्ज किया जाये।

राजकिशोर सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह, निवासी- बीहट बीरम, परगना- मछरेहटा तहसील- मिश्रिख, सीतापुर

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) महमूदाबाद जिला सीतापुर,उत्तराधिकार प्र.दी.वाद सं. 75/2026दायरा ता.- 26-10-2026,ता.पेशी-01-12-20261 .चन्द्रप्रकाश आयु 35 वर्ष पुत्र स्व. छोटेलाल निवासी ग्राम भानपुर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर बनाम 1- जायदाद मृतक कलावती पत्नी स्व. छोटेलाल, 2- गोपी चन्द्र आयु 30 वर्ष, 3- रामकिशोर आयु 25 वर्ष पुत्रगण स्व. छोटेलाल निवासीगण ग्राम ग्राम भानपुर परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/वादी उपरोक्त ने मृतक के नाम जमा धन के सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनाई हेतु तारीख पेशी नियत है। अत: यदि किसी भी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत दिनांक को पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या जरिए अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करे अन्यथा प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय रूप से कर दी जायेगी।बदस्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज बतारीख माह सन ई को जारी किया गया। **सम्पत्ति विवरण:** पोस्ट आफिस सरैंया (बाबूपुर), खाता संख्या - 1346022824, धनराशि - 175098/- रू.

मुहर अदालत

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम QAYYUM SHIEKH था पर अब हमने अपना नाम बदल कर QAYYUM रख लिया है अब मुझे कय्यूम (QAYYUM) के नाम से जाना व पहचाना जाएं।

QAYYUM S/O MUNNA SUFI ADD- MOHALLA TAKIYA THANA INTAUNJA,TAH-SEEL BAKSHI KA TALAAB , DIST - LUCKNOW

सूचना

मैं शब्बीर पुत्र मस्सू निवासी ग्राम व पोस्ट बघाइन थाना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर अपने बड़े पुत्र मो0 तालिब को चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मो0 तालिब द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। अपने समस्त कृत्यों के जिम्मेदार वह स्वयं होगा। **शब्बीर पुत्र मस्सू ,निवासी ग्राम व पोस्ट बघाइन थाना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर**